an>

Title: Regarding daily shuttle train service from Ahmednagar to Pune.

डॉ. सुजय विखे पाटील (अहमदनगर): अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद ।

महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का अवसर दिया है । …(व्यवधान) मैं सरकार और रेल मंत्रालय का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र अहमदनगर से पुणे तक प्रतिदिन शटल-रेल सेवा प्रारंभ करने के विषय की ओर आकृष्ट करना चाहूंगा । …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: शून्यकाल, महत्पूर्ण काल है । आप सब बैठ जाइए ।

…(व्यवधान)

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY: The House should not be taken for granted by the Prime Minister. …(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: आपके माननीय सदस्यों का आग्रह था कि उन्हें महत्वपूर्ण विषय पर बोलना है, इसिलए मैंने उन्हें इजाज़त दी है ।

…(व्यवधान)

डॉ. सुजय विखे पाटील: अध्यक्ष महोदय, अहमदनगर से प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री पुणे तक की यात्रा शैक्षणिक, पयर्टन और उद्योग के उद्देश्य से करते हैं । …(व्यवधान) इसके लिए उन्हें चार से पांच घंटे की अवधि लगती है । …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप बैठ जाइए ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्षः आप माननीय सदस्य को बोलने दें ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्षः सुरेश जी, आपने कहा था कि आपका शून्यकाल में बोलना जरूरी है? आप बैठ जाइए ।

…(व्यवधान)

डॉ. सुजय विखे पाटीलः अध्यक्ष महोदय, पिछले कई वर्षों से वहां की जनता की मांग है कि इन दो महत्वपूर्ण शहरों के बीच एक इंटरसिटी ट्रेन या शटल-रेल सेवा प्रतिदिन शुरू की जाए । …(व्यवधान)

महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि रेल मंत्रालय तत्काल इस पर विचार करे और अहमदनगर और पुणे जैसे दो महत्वपूर्ण शहरों को जोड़ने के लिए एक इंटरसिटी ट्रेन या शटल-रेल सेवा की शुरुआत करे । धन्यवाद । …(व्यवधान)

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): Sir, this is called ‘Waiting for Godot’! …(*Interruptions*)